(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध)

सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मध्यप्रदेश

प्रान्तीय कार्यालयः 'प्रज्ञादीप' हर्षवर्धन नगर, भोपाल-४६२००३

दूरभाषः (0755) 2761225, **ई-मेलः *vidyabhartibpl@gmail.com***

Web: www.vidyabhartimp.org,

पंजीयन क्र.-17195

पत्र क्रमांक : 275/2020 **दिनांक- 24/10/2020**

प्रति,

श्रीमान व्यवस्थापक/प्राचार्य/प्रधानाचार्य महोदय,
सरस्वती विद्या मंदिर..................
मध्यभारत प्रान्त

बन्धुवर,

सप्रेम नमस्कार।

विषयः- संस्कृति बोध परियोजना सत्र 2020-21 सम्बन्धी महत्वपूर्ण सूचनाएँ।

1. अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा-

इस सत्र में यह परीक्षा Online/Offline दोनों प्रकार से सम्पन्न होगी-

ऑनलाईन-

1. पंजीकरण	-	दो प्रकार से होगा (1) संस्थागत विद्यालयों तथा अन्य शिक्षण संस्थाओं के लिए। (2) व्यक्तिगत- पूर्व छात्र, अभिभावक या कोई भी नागरिक।
2. शुल्क	-	संस्थागत के लिए शुल्क रूपये 30/- तथा व्यक्तिगत हेतु रूपये 100/- रहेगा। शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा। पेमेट गेटवे जिसमें डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, पे.टी.एम. द्वारा जमा होगा।
3. सूचनाएँ	-	पंजीकृत होने के उपरान्त परीक्षा सम्बन्धी सूचना पत्र के माध्यम से भेजी जाएंगी। पुस्तक पी.डी.एफ, ईल से प्राप्त होगी। परीक्षा को पाठ्यक्रम 70 प्रतिशत रहेगा। एस.एम.एस., यूजन नाम, पासवर्ड भेजा जाएगा।
4. परीक्षा के 15 दिन पूर्व स्मरण	-	एस.एम.एस. व ईमेल द्वारा भेजा जाएगा।
5. परीक्षा से एक दिन पूर्व स्मरण	-	एस.एम.एस. व ईमेल द्वारा भेजा जाएगा।
6. परीक्षा	-	ऑनलाईन होगी। 50 प्रश्नों का प्रश्न-पत्र रहेगा, समय अवधि-1 घण्टा
7. कक्षाएँ	-	कक्षा 4 से 12, माध्यम हिन्दी और अंग्रेजी।
8. आचार्य श्रेणी	-	प्रवेशिका, मध्यमा, उत्तमा एवं प्रज्ञा। माध्यम- हिन्दी
9. परिणाम	-	रंगीन प्रमाण -पत्र ई-मेल से भेजा जाएगा।
10. सहभागिता के लिए धन्यवाद	-	परीक्षा के उपरान्त एस.एम.एस. व ईमेल द्वारा धन्यवाद तथा आगामी सत्र में सहभागिता का आग्रह किया जाएगा।
11. ऑनलाइन परीक्षा सुविधा	-	मोबाइल, कम्प्यूटर, लेपटॉप, टेबलेट सभी पर ऑनलाइन परीक्षा देने की सुविधा रहेगी।
12. पंजीकरण	-	सितम्बर माह से 31 दिसम्बर 2020 तक कर सकेंगे।
13. परीक्षा तिथि	-	15 जनवरी से 15 फरवरी के मध्य प्रातः 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक कभी भी।

E:\P- 20-21\sansakrti Gyan & bhodh,

ऑफलाईन- (जैसी अब तक आयोजित की जाती थी उसी प्रकार इस सत्र में भी रहेगी।)

- ऑफलाइन में नियमावली एवं विवरणिका सत्र 2020-21 में दिए गए विवरण के अनुसार पंजीकरण करवाकर परीक्षा करवानी है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2020 रहेगी। **अब से 31 दिसम्बर 2020 तक कभी भी पंजीकरण करवा सकते हैं।**
- **पाठ्यक्रम-** इस सत्र के लिए 30% कम किया गया है। बोधमाला के अंतिम दोनों पाठ क्रमांक 6- सामान्य ज्ञान एवं पाठ क्रमांक 7 - हमारे राष्ट्रनायक से वर्तमान सत्र 2020-21 की परीक्षा में प्रश्न नहीं पूछे जाएँगे।
- **परीक्षा की तिथि** - 15 जनवरी 2021 से 15 फरवरी 2021 के मध्य प्रान्तीय समिति द्वारा तय की जावेगी।
- **परीक्षा शुल्क** - ऑफलाइन हेतु कक्षा 4 से 12 तक छात्र भैया/बहिनों हेतु रूपये 30/- निर्धारित किया गया है। प्रवेशिका, मध्यमा व उत्तमा श्रेणी के लिए रूपये 40/- प्रतिभागी निश्चित है। प्रज्ञा परीक्षा में दो पुस्तकें आर्ष साहित्य का संक्षिप्त परचिय तथा श्रीमद्भगवद्गीता प्रश्नोत्तरी होने से परीक्षा शुल्क रूपये 100/- रखा गया है।

2. अखिल भारतीय निबन्ध प्रतियोगिता-

- आचार्य एवं छात्र भैया/बहिन दोनों के लिए सम्पूर्ण देश में दिनांक 16 दिसम्बर 2020 को आयोजित होगी। आचार्य बन्धु/भगिनी को विद्यालय में निबन्ध लिखने हैं तथा छात्र भैया/बहिनों को यदि तब तक विद्यालय खुलते हैं तो विद्यालया में लिखवाना अन्यथा घर में लिखवाकर ऑनलाइन मंगवाकर मूल्यांकन किया जाएगा।
- विषय एवं नियम नियमावली एवं विवरणिका सत्र 2020-21 के अनुसार रहेंगे। इसके आयोजन की सूचना प्रान्त द्वारा **विद्यालय स्तर तक 20 नवम्बर 2020 की स्थिति को देखते हुए भेजी जानी है।**

3. अखिल भारतीय संस्कृति महोत्सव-

- अखिल भारतीय स्तर पर इस सत्र में इसका आयोजन नहीं किया जाएगा।
- क्षेत्र स्तर पर भी इसका आयोजन नहीं किया जाएगा।
- एक या दो प्रतियोगिता ऑनलाइन यथासंभव प्रान्त स्तर पर आयोजित करने का विचार है। जिसकी सूचना भेजी जावेगी।
- विद्यालय स्तर पर आग्रहपूर्वक सभी प्रतियोगिताएँ आनलाइन या ऑफलाइन जो भी संभव हो कराने का प्रयास करना है।

(मोहनलाल गुप्ता)
प्रादेशिक सचिव

प्रतिलिपिः

1. मा. अध्यक्ष/संगठन मंत्री/ सहसंगठन मंत्री महोदय, मध्यभारत प्रान्त
2. श्रीमान प्रान्त प्रमुख/ समस्त विभाग समन्वयक मध्यभारत प्रान्त।

E:\P- 20-21\sansakrti Gyan & bhodh,